nt>

Title: Need to provide telephone connections to all waitlisted people in Nagaur district, Rajasthan- Laid.

श्री राम रघुनाथ चौधरी (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, नागौर जिला, जहां से मैं आता हूं, राजस्थान का मुख्य कृाि एवं पशुपालन क्षेत्र का जिला है। इस जिले में संचार व्यवस्था आशा के अनुरूप नहीं है। जहां पूरा देश संचार का लाभ उठा रहा है, वहीं सैंकड़ों ग्राम अभी भी टेलीफोन व्यवस्था से महरूम हैं। पचासों गांव वालों ने हजारों रूपया संचार निगम में जमा करवा रखा है, जो पिछले 7-8 वा से आश लगाए बैठे हैं पर विभाग की तरफ से उचित कार्यवाही नहीं हो पा रही है। संचार व्यवस्था से दुखी ग्रामवासी बड़ी विकट समस्या से ग्रसित हैं।

आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जितने भिन्न-भिन्न गांवों के लोगों ने कई वाो से टेलीफोन प्राप्त करने के लिए फार्म भरकर धनराशि जमा कर रखी है, उन्हें टेलीफोन देने की व्यवस्था करायें।